दैनिक
# न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल



## संपादकीय


### उम्मीदों की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे वक्त में चार दिवसीय प्रवास पर अमेरिका गये हैं जब पूरी दुनिया कोरोना संक्रमण के संत्रास से उबरकर अर्थव्यवस्थाओं को पटरी पर लाने की जद्दोजहद में जुटी है तथा अफगानिस्तान में लोकतंत्र पर गनतंत्र हावी हुआ है। जहां एक ओर यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा-सुरक्षा जैसे दो पक्षीय संबंधों को मजबूत बनायेगी, वहीं एशिया में सामरिक संतुलन व सुरक्षा चुनौतियों को लेकर भी विमर्श होगा, जिसमें आतंकवाद व चरमपंथ से निपटना भी प्रमुख मुद्दा होगा। इस यात्रा के दौरान जो बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी उनसे पहली बार मुलाकात करेंगे, वहीं भारतीय मूल की पहली अमेरिका महिला उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी नेताओं से दो पक्षीय मुद्दों पर बातचीत के अलावा मोदी 24 सितंबर को वाशिंगटन में क्वॉड शिखर सम्मेलन में पहली बार व्यक्ति गत रूप से जापान व आस्ट्रेलिया के प्रमुखों से मिलकर वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इस दौरान अमेरिकी कंपनियों के कई शीर्ष अधिकारियों से उनकी मुलाकात होगी। उल्लेखनीय है कि मोदी इससे पहले 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में बहुचर्चित हाउडी-मोदी कार्यक्रम में शिरकत करने अमेरिका गये थे। उसके बाद कोरोना काल में गत मार्च में उनकी बांग्लादेश की एक संक्षिप्त यात्रा हुई थी। इस यात्रा के महत्त्व का पता इस बात से चलता है कि उनके साथ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला आदि वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। अमेरिका यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा भी कि मैं राष्ट्रपति बाइडेन के साथ वैश्विक रणनीतिक साझेदारी, आपसी हितों के क्षेत्रीय व ग्लोबल मुद्दों पर विचार साझा करूंगा। साथ ही विज्ञान और टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा को लेकर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मिलने को उत्सुक हूं। अमेरिका में इंडियास्पोरा के संस्थापक एम.आर. रंगास्वामी ने कहा भी मोदी ऐसे समय में अमेरिका आ रहे हैं जब भारतीय अर्थव्यवस्था के गति पकड़ने से देश मजबूत स्थिति की ओर बढ़ रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री जब 25 सितंबर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलेंगे तो दुनिया की उन पर नजर रहेगी। आजादी का 75वां साल मना रहे देश की प्रगति की चर्चा के प्रसंग में वे यूएन में जरूरी बदलाव व भारत की भागीदारी बढ़ाने की बात करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के 76वें सत्र के संबोधन में जब वे नपे-तुले शब्दों में धारदार अंदाज में अपनी बात कहेंगे तो विकासशील देश उसे अपनी आवाज के रूप में सुनेंगे। जहां वे इस मंच पर भारत की चिंताओं का जिक्र करेंगे, वहीं घरेलू उपलब्धियों को दुनिया को बताने से भी नहीं चूकेंगे। स्वाभाविक रूप से महासभा के विमर्श के केंद्र में कोविड-19 की महामारी रहेगी। वहीं आर्थिक मंदी, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, संयुक्त राष्ट्र में सुधार तथा अफगानिस्तान में तालिबान के आने के बाद की स्थिति विमर्श के प्रमुख विषय रहेंगे। जाहिरा तौर पर पाकिस्तान व अफगानिस्तान के गठजोड़ से जुड़ी चिंता भी प्रधानमंत्री दुनिया को बताएंगे। वहीं इस यात्रा का दूसरा महत्वपूर्ण पड़ाव चीन की निरंकुशता पर नकेल डालने के लिये बने संगठन क्वॉड की पहली शिखर बैठक होगी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन तथा जापान के प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा से हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर साझा दृष्टिकोण के आधार पर भविष्य पर उठाये जाने वाले कदमों पर चर्चा होगी। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों पर भी मंथन होगा। निस्संदेह यह सम्मेलन ग्लोबल पार्टनरशिप को नये आयाम देगा तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आवाजाही को आसान बनाने पर पहल होगी। इस क्षेत्र में चारों देशों के साथ आने से चीन की दादागिरी और विस्तारवादी नीतियों पर नकेल लग सकेगी। वहीं, दूसरी ओर क्वॉड की मीटिंग में नई तकनीक, साइबर सिक्योरिटी, समुद्री सुरक्षा, मानवीय सहायता तथा आपदा प्रबंधन व जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर सहमति बनने की उम्मीद है।

## इस्पात मंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस्पात के उपयोग को बढ़ाने के लिए त्रिपुरा में हितधारकों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** देश में इस्पात की खपत बढ़ाने की दिशा में इस्पात मंत्रालय के निरंतर प्रयासों के अनुरूप, केंद्रीय इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र और खासकर त्रिपुरा में इस्पात के उपयोग को बढ़ाने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) सहित विभिन्न इस्पात उपभोक्ताओं के साथ एक बैठक की।

श्री सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि निर्माण, बुनियादी ढांचे, रक्षा, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग आदि जैसे विभिन्न उद्योगों/क्षेत्रों के लिए इस्पात जरूरी बुनियादी सामग्रियों में से एक है। रोजमर्रा की जिंदगी के विभिन्न क्षेत्रों में अपने व्यापक अनुप्रयोगों के कारण, इस्पात को आमतौर पर एक जन सामग्री माना जाता है। अन्य विकल्पों के बावजूद, इस्पात उद्योग और आम आदमी के लिए समान रूप से पसंद की सामग्री बना हुआ है।




श्री सिंह ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और इसमें इस्पात एक अहम भूमिका निभाएगा। श्री सिंह ने चटगांव बंदरगाह के माध्यम से, आने वाले समय में संपर्क के निर्माण को देखते हुए त्रिपुरा की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य में इस्पात की खपत बढ़ाने के विशाल अवसर हैं। उन्होंने बैठक में उठाये गये सभी मुद्दों के समाधान का आश्वासन भी दिया।

इससे पहले श्री सिंह ने त्रिपुरा के दौरे पर पहुंचने के बाद राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। उनके साथ सेल की अध्यक्ष श्रीमती सोमा मंडल, एमएसटीसी के चेयरमैन एस के गुप्ता और इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव पुनीत कंसल भी मौजूद थे। श्री कंसल ने सरकार के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के महत्व को दोहराया और पूरी मदद का आश्वासन दिया।

सेल की अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में लागू की गयीं राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न रणनीतिक परियोजनाओं का उल्लेख किया जिनमें असम और अरुणाचल प्रदेश को जोड़ने वाला असम में लोहित नदी पर बना देश का सबसे लंबा नदी पुल ढोला-सदिया, ब्रह्मपुत्र नदी पर बना रेल-सह-सड़क बोगीबील पुल, अरुणाचल प्रदेश में कामेंग पनबिजली परियोजना और अगरतला में बटाला फ्लाईओवर सहित अन्य शामिल हैं।

बैठक के दौरान, एमएसटीसी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वह त्रिपुरा सरकार के साथ उसकी विभिन्न ई-खरीद और ई-नीलामी आवश्यकताओं और किसी भी दूसरे विशिष्ट ई-समाधान के लिए एकल मंच समाधान प्रदान करने हेतु विभिन्न गतिविधियों में सहयोग करने को लेकर आशान्वित है।

## सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल होने पर उमरान मलिक को बधाई


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के सलाहकार और युवा सेवाएं एवं खेल के प्रभारी फारुक खान ने जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान मलिक को यूएई में चल रहे आईपीएल टूर्नामेंट में सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल होने पर बधाई दी है।



श्री फारुक ने कहा, सनराइजर्स हैदराबाद टीम में आपके चयन के बारे में जानकर मुझे बहुत खुशी हुई। मैं उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और जम्मू-कश्मीर की खेल बिरादरी की ओर से आपको इस प्रतिष्ठित स्टार खिलाड़ियों वाली आईपीएल टीम में जगह बनाने के लिए बधाई देता हूं। मैं टूर्नामेंट में आप सभी की सफलता की कामना करता हूं। मैं इस अवसर पर आपके परिवार, कोचों और जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ को भी बधाई देता हूं।

## भारत में एयरबस के साथ मिलकर सी295 विमान बनायेगी टाटा

**नई दिल्ली।** टाटा संस की इकाई टाटा एडवांस सिस्टम्स और अमेरिकी कंपनी एयरबस डिफेंस मिलकर भारत में भारतीय वायुसेना के लिए सी295 विमान का निर्माण करेंगी। टाटा संस के मानद अध्यक्ष रतन टाटा ने आज यह जानकारी देते हुये कहा कि इन दोनों कंपनियों के बीच संयुक्त परियोजना की मंजूरी मिलना देश के विमानन और एविओनिक्स परियोजनाओं को खोलने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सी295 बहुउपयोगी विमान है, जिसे विभिन्न जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जा सकता है। इससे देश में पूरे विमान के निर्माण का



रास्ता साफ हुआ है। इससे अंतरराष्ट्रीय मानक के घरेलू स्तर पर आपूर्ति श्रृखंला विकसित होगी, जो इससे पहले कभी भी नहीं हो सकी। श्री टाटा ने कहा, मैं इसके लिए टाटा समूह, एयरबस और भारतीय रक्षा मंत्रालय को बधाई देता हूं क्योंकि इस सशक्त कदम से मेक इन इंडिया के सहयोग से भारत में अत्याधुनिक बहुउपयोगी विमान बनाया जा सकेगा। श्री टाटा की इस घोषणा के बाद एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डिर्क होक ने अपनी प्रतिक्रया व्यक्त करते हुये कहा, श्री टाटा इस परियोजना में आपके साथ काम करना सम्मान और गौरव की बात है। उन्होंने भारत के एयारोस्पेस भविष्य के लिए शुभकामनायें और बधाई दी। इसके बाद टाटा एडवांस सिस्टम्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुकरन सिंह ने इसे यादगार दिन बातते हुये कहा कि 11 वर्ष इसकी उस समय शुरूआत हुयी थी जब एयरबस और टाटा एडवासं सिस्टम्स ने इस परियोजना के लिए भागीदारी करने पर सहमत हुये थे। दोनों कंपनियों ने बहुत मजबूत रिश्ता बनाया है और इसकी तैयारियों के लिए काम किया है।

उन्होंने कहा कि यह वास्तव में मेक इन इंडिया परियोजा है, जहां उनकी कंपनी एयरबस के साथ मिलकर कच्चा पदार्थ एलुमिनियम पिंड को एक ओर लिया जायेगा और दूसरी ओर इसको उड़ाने वाला विमान बनाया जायेगा।

रक्षा मंत्रालय ने एयरबस के साथ 22 हजार करोड़ रुपये की लागत से 56 सी295 विमान खरीद का करार किया है। इसमें से 16 पूरी तरह से तैयार सी295 विमान एयरबस आपूर्ति करेगी जबकि 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जयेगा।

## अमेजन इंडिया का द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल चार अक्टूबर से

**लखनऊ ।** विश्व की जानीमानी ई कामर्स कंपनी अमेजन का चार अक्टूबर से शुरू होने वाला 'द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल' छोटे और मझोले व्यवसाइयों को समर्पित होगा जिसमें 450 शहरों के 75,000 से अधिक दुकानदारों के भारतीय और वैश्विक ब्रांड्स के उत्पाद ग्राहकों को घर बैठे उचित कीमतों पर उपलब्ध होंगे। द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में सैमसंग, वनप्लवस, शाओमी, सोनी, एप्पल, बोट, लेनोवो, एचपी, आसुस, फॉसिल, लिवाइस, बीबा, एलेन सॉली, एडिडास, अमेरिकन टूरिस्टार, प्रेस्टीफज, यूरेका फोर्ब्स, बॉश, पिजन, बजाज, बिग मसल्स1, लक्मेस, मेबलिन, फॉरेस्ट इसेंशियल्सड, द बॉडी शॉप, वाउ, नीविया, डाबर, पीएंडजी, टाटा टी, हगीज, पेडीग्री, सोनी पीएस5, माइक्रोसॉफ्ट एक्सकबॉक्स , हैसब्रो, फनस्कूंल, फिलिप्से, वेगा और अन्य के 1000 से अधिक नए प्रोडक्टम लॉन्चो शामिल होंगे।

अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसीडेंट मनीष तिवारी ने कहा कि इस साल का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल स्थानीय दुकानों और लघु एवं मध्यम विक्रेताओं की दृढ़ता का जश्न है। हम अपने ग्राहकों को व्यापक चयन, मूल्यन एवं सुविधा एवं फास्ट डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर नए-नए प्रयास जारी रखते हैं, ताकि वे अपने घर पर आराम और सुरक्षा के साथ फेस्टिव सीजन के लिए तैयारियां कर सकें।

## विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप : महिला कंपाउंड टीम ने 8वीं बार किया सिल्वर पर कब्जा

**यांकटन।** भारत की महिला और मिश्रित युगल कंपाउंड तीरंदाजी टीम को कोलंबिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबलों में शिकस्त के साथ यहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत विश्व चैंपियनशिप में अपने पहले स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश कर रहा था। भारत अब तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने सबसे अधिक 10 बार पोडियम पर जगह बनाई है। इस दौरान भारत ने आठ बार फाइनल में चुनौती पेश की और उसे हर बार रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

रैंकिंग दौर में चौथे स्थान पर रही अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेनाम की भारत की स्टार मिश्रित युगल जोड़ी ने एक अंक की बढ़त के साथ शुरुआत की लेकिन इसके बाद कोलंबिया का दबदबा देखने को मिला। भारतीय जोड़ी को अंततः 150-154 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

ज्योति, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर की सातवीं वरीय महिला टीम को सारा लोपेज, एलेजांद्रा उसचियानो और नोरा वाल्डेज की तिकड़ी के खिलाफ 224-229 से हार का सामना



करना पड़ा।

रैंकिंग दौर में शीर्ष पर रही कोलंबियाई टीम ने 15 बार 10 अंक पर निशाना साधा और इस दौरान उनके पांच निशाने बिलकुल बीच में लगे।

पहले दौर के बाद दोनों टीमें 58-58 से बराबर थी। भारतीय महिला टीम ने इसके बाद बढ़त बनाने का मौका गंवाया और विरोधी टीम एक अंक से आगे हो गई।

कोलंबियाई टीम ने इसके बाद भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया और आखिरी 12 में से आठ तीर 10 अंक पर मारकर तीसरी बार महिला खिताब जीता। यह 2017 के बाद टीम का पहला खिताब है।

मिश्रित युगल में भारत के लिए दूसरा दौर खराब रहा जहां उन्होंने दो बार नौ और एक बार अठ अंक के साथ एक अंक की बढ़त गंवाई और अंततः चार अंक के अंतर से मुकाबला हार गई।

## आज का राशिफल

मेष : आपके हरेक कार्य में उत्साह और उमंग छलकता हुआ प्रतीत होगा। तन-मन में स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव करेंगे।

वृषभ: क्रोध और हताशा की भावना आपके मन पर छायी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी साथ नहीं देगा। घर- परिवार की चिंता के साथ खर्च के मामले में भी आज चिंतित होंगे।

मिथुन : परिवार में खुशी और आनंद का माहौल रहेगा। नौकरी-धंधे में आपको लाभ का समाचार मिलेगा। उच्च पदाधिकारीगण आपके कार्योंकी प्रशंसा करेंगे।

कर्क : घर की साज-सजावट पर विशेष ध्यान देंगे। नए घरेलू सामान खरीदने की संभावना है। व्यापारियों और नौकरी करनेवाले लाभ तथा पदोन्नति की आशा रख सकते हैं।

सिंह : स्वभाव में उग्रता और क्रोध रहने के कारण आपको काम करने में मन नहीं लगेगा। वाद-विवाद में अपने अहम के कारण किसी की नाराजगी झेलनी पड़ेगी।

कन्या : बाह्य खाद्यपदार्थ खाने से तबीयत खराब होने की संभावना है। क्रोध को नियंत्रण में रखने के लिए मौन का शस्त्र अधिक कारगर साबित होगा।

तुला: प्रणय, रोमांस, मनोरंजन और मौज-मस्ती से भरपूर आज का दिन है। सार्वजनिक जीवन में आप महत्ता प्राप्त करेंगे।

वृश्चिक : आज आप अनिश्चितता और सुखशांति के साथ घर में समय व्यतीत करेंगे। आफिस में स्टाफ की मदद पाकर बहुत से कार्य पूरे कर सकेंगे।

धनु : कार्य निष्फलता हताशा पैदा करेगी और आपको क्रोधित करेगी, परंतु क्रोध को नियंत्रण में रखने से बात अधिक नहीं बिगड़ेगी।

मकर : माता का स्वास्थ्य चिंता पैदा कर सकता है। सार्वजनिक जीवन में अपयश या अपकीर्ति आपकी मान-प्रतिष्ठा को हानि पहुचाएंगे।

कुंभ: आज आपका मन बहुत राहत महसूस करेगा। शारीरिक स्वस्थता आपके उत्साह में वृद्धि करेगा। पड़ोसियों और भाई बहनों के साथ अधिक मेल-मिलाप रहेगा।

मीन : आपके खर्च के अतिरिक्त क्रोध और जीभ पर संयम रखने की सलाह देते हैं। किसी के साथ तकरार होने की संभावना है। आर्थिक मामले या लेन-देन में सावधानी रखें।

## कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आया: भूमि

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर को फिल्म 'दम लगा के हईशा' में रोल मिलने का किस्सा खासा दिलचस्प है। दरअसल, भूमि पेडनेकर ने अपने करियर की शुरूआत यशराज फिल्म्स के कास्टिंग डिवीजन से की है। एक दिन भूमि 'दम लगा के हईशा' के एक्ट्रेस के लिए ऑडिशन ले रहीं थीं। इस फिल्म में संध्या का रोल काफी इंटरेस्टिंग और एक मोटी लड़की का था। कास्टिंग टीम ने करीब 250 लड़कियों के ऑडिशन लिए।



भूमि ने बताया कि 'मैं कास्टिंग करती थी लेकिन कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आया। संध्या के रोल के लिए इतनी लड़कियों के ऑडिशन लिए लेकिन एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि ये रोल मैं भी कर सकती हूं।'भूमि ने बताया कि 'यशराज फिलम्स की कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा के पास जाया करती थी। उन्होंने मेरा भी ऑडिशन लिया तो मुझे भी यह रोल इतना आसान नहीं लगा। संध्या के रोल में मुझे चुनने से पहले फिल्म डायरेक्टर शरत कटारिया ने काफी सोचा। वह मुझे सिर्फ इसलिए नहीं कास्ट कर लेना चाहते थे कि मैं यशराज फिल्म्स से जुड़ी थी। वह ऐसे एक्ट्रेस को मौका देना चाहते थे जो स्क्रिप्ट को समझ सके। मुझे वाकई अपनी काबिलियत साबित करनी पड़ी। मै मुंबई में पली पढ़ी थी। मुझे 90 के दशक की महिला का रोल प्ले करना था। मेरी हिंदी शहरी एक्सेंट वाली थी।

## ऐश्वर्या राय ने पोन्नियिन सेल्वन की शूटिंग की पूरी, 2022 में रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की खूबसूरती और अभिनय ने लाखों लोगों को उनका मुरीद बनाया है। भले ही अभिनेता अभिषेक बच्चन से शादी करने के बाद फिल्मों में उनकी सक्रियता कम हुई है, लेकिन उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं हुई। वह अपनी आने वाली तमिल फिल्म पोन्नियिन सेल्वन को लेकर चर्चा में हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि ऐश्वर्या ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह फिल्म 2022 में रिलीज हो सकती है। ऐश्वर्या ने खुद सोशल




मीडिया हैंडल पर बताया है कि उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग समाप्त कर ली है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। ऐश्वर्या ने फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को प्रशंसकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। पोस्टर में लिखा गया है कि यह फिल्म 2022 की गर्मियों में रिलीज होने वाली है।

## महाराष्ट्र में बनने वाली बेहद लाजवाब डिश है धानसख

बहुत ही मशहूर महाराष्ट्रियन डिश है धानसख। जिसे बनाने में बहुत ज्यादा वक्त नहीं लगता और खाने में भी बेहद स्वादिष्ट होता है। तो आइए देर किए बिना जानते हैं इसकी क्विक रेसिपी।



### सामग्री :

75 ग्राम चीनी, 500 ग्राम बासमती चावल (धोकर नमक के पानी में भिगोया हुआ), 2 प्याज (बारीक कटे हुए), 5 छोटी इलायची, 5 लौंग, 1 तेजपत्ता, 1 टुकडा दालचीनी, 1/2 स्पून साबुत जीरा, 3 टेबलस्पून देसी घी, नमक स्वादानुसार।

### विधि :

- मोटे तले वाले पतीले को आंच पर रखकर उसमें 1 टेबलस्पून घी गरम करें और उसमें चीन डालकर एक-दो मिनट तक चलाती रहें। इससे चीनी का कैरेमल बन जाएगा और वह पिघलकर भूरे रंग की दिखने लगेगी।
- फिर इसमें अंदाज से चावल पकने भर पानी डालकर दोबारा आंच पर रखें और पहला उबाल आने के बाद आंच बंद कर दें।
- प्रेशर कुकर में घी गर्म करें और प्याज डालकर सुनहरा करें। फिर जीरा, इलायची, लौंग, दालचीनी और तेजपत्ता डालें।
- अब उसमें चीनी का पानी डालें और एक उबाल आने दें। फिर पानी में भिगोए हुए चावल डालकर एक सीटी आने तक पकाएं और दस मिनट बाद कुकर का ढक्कन खोलें।
- किसी भी ग्रेवी वाली सब्जी या दही के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 212

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 211 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 212

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 211 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |